हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहारा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



## DR. ABHIMANYU'S
### AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

## छत्तीसगढ़ का पहला सर्वसुविधायुक्त 20 बिस्तरीय आयुर्वेद अस्पताल


मा.मुख्यमंत्री-
श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सम्मानित


मा. पूर्व मुख्यमंत्री-
श्री भूपेश बघेल जी द्वारा सम्मानित




मा. विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री-
डॉ. रमन सिंह जी द्वारा सम्मानित

मरीजों की भर्ती की सुविधा उपलब्ध

### उपलब्ध सुविधाएँ

**पंचकर्म**
- वमन
- विरेचन
- शिरोधारा
- अभ्यंग
- स्वेदन
- नस्य
- बस्ति

**दर्द निवारण**
- घुटने का दर्द (संधि वात)
- गठिया वात
- गृध्रसी (सायटिका)
- कमर दर्द
- गर्दन दर्द
- ए.वी.एन.
- आमवात (आर.ए.)

**नेत्र रोग**
- पास या दूर का न दिखना
- धुंधला दिखना
- आँखों में दर्द/जलन
- आँखों से पानी आना
- आँखों का सूखापन
- चश्मे का नम्बर कम या ज्यादा होना

**मल द्वार संबंधित**
- पाइल्स (बवासीर)
- फिशर (विदर)
- फिस्टुला (भगन्दर)
- पिलोनिडल साइनस

**स्त्री रोग**
- माहवारी संबंधित रोग
- PCOD, PCOS
- सफेद पानी का जाना
- बांझपन

**मनोरोग**
- अवसाद (डिप्रेशन)
- अनिद्रा
- पार्किंसंस
- स्मृति भ्रम

**पेट संबंधित बीमारियाँ**
- पाचन संबंधित समस्त विकार
- कब्ज
- पेट फूलना
- भूख न लगना

**बच्चों के रोग**
- Cerebral Palsy
- बिस्तर गीला करना
- Hyperactivity
- Immunity
- शारीरिक विकास
- Autism

**चर्म रोग**
- सोरायसिस
- दाद, खाज, खुजली
- कील-मुहाँसे
- सफेद दाग
- बालों का सफेद होना व झड़ना

**जीवन शैलीगत रोग**
- डायबिटिज
- थायरॉइड
- ब्लड प्रेशर
- मोटापा

## लेजर/क्षारसूत्र द्वारा मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज किया जाता है।

तुरंत राहत | कम लागत
पूर्णतः आयुर्वेदिक | कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं



मल द्वार में मस्से, खून, जलन, दर्द, मवाद, खुजली, सूजन, मलत्याग में कठिनाई
ये लक्षण - पाईल्स, (बवासीर), भगंदर (फीस्टूला) जैसे गुदारोग हो सकते है एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण भी बनते है।

**उचित दरों पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध**

**छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त**
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से इलाज के बाद REMBURSEMENTS की सुविधा उपलब्ध

### हमारे विशेषज्ञ


**Dr. Avinash Bais**
Chief Medical Officer, MD Ayurveda Panchakarma Specialist, Acupuncture Specialist, 28 Years of Experience


**Dr.M.Faizan Khan**
Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 16 Years of Experience


**Dr.Damini Sahu**
BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 5 Years of Experience


**Dr. Gourav Dewangan**
BAMS, Ex.RAV (Delhi)
5 Years of Experience


**Dr. Parul Tiwari**
BAMS CCPT (Maharastra) Infertility Specialist (Maharastra) Garbha Sanskar Specialist (Gujrat), 4 Years of Experience


**Dr. Aastha Sanadhya**
B.A.M.S. Skin Specialist (Maharashtra)
2 Years of Experience


**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru) Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala) Dorn Specialist (Germany),10 Years of Experience | Reg. No. 03858A

Rajesh

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने,समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें







## खबर संक्षेप



### गौधन की श्रद्धा के साथ पूजा

**चिचोला।** मोहगाँव में पंच दिवसीय पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धनतेरस से भाईदूज और गोवर्धन पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। ग्राम में गोवर्धन पूजा का त्यौहार अन्य गाँवों से एक दिन बाद होता है जिसमें आसपास गाँवों से लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। इस वर्ष विधायक भोलाराम साहू कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बैरग निशान के साथ राउत नर्तक दल ने मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। गोवर्धन पूजा के बाद गोबर का टीका लगाकर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें जिला पंचायत सदस्य बीरमबाई, जनपद सदस्य उभेराम मंडावी आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### मेढ़ा मंडई 27 को

**मेढ़ा।** डोंगरगढ़ अंचल की पहली मंडई ग्राम में आगामी 27 अक्टूबर को रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ गायक विवेक शर्मा के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। सरपंच अमिला देवांगन, राजेंद्रा देवांगन, ओंकार यादव ने लोगों से मेला में शामिल होने का आव्हान किया है।

## निधन

### दुर्गा सिन्हा



**तुमड़ीबोड़।** भाजपा नेता मोहन सिन्हा की धर्मपत्नी दुर्गा सिन्हा का स्वर्गवास गत 23 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अक्टूबर को चिचोला में किया गया। श्रीमती सिन्हा के निधन पर भाजपा नेता दिनेश गांधी, जागेश्वर यादव, रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### अतिक्रमण हटाने दिया नोटिस, नहीं हटा कब्जा

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण सरकारी हैंडपंप की जगह भी हड़पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। गत 26 सितंबर को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था जिसके बाद भी अब तक अतिक्रमण नहीं हटा है। नोटिस इलाके के दर्जनभर लोगों को जारी किया गया है जिन्होंने सरकारी जमीन कर अतिक्रमण कर रखा है। एक महीने बाद भी न तो लोगों ने अतिक्रमण हटाया है और न अब नगर पंचायत प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने में दिलचस्पी दिखाया।

उक्त मामला नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के वार्ड 14 डोंगरगढ़ मेन रोड का है। यहां से नेशनल हाईवे की दूरी एक से दो किलोमीटर है। मेन रोड के किनारे बसे ज्यादातर लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। मामले की शिकायत पूर्व में ग्राम पंचायत में मौखिक रूप से की गई थी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। वहीं अब नगर पंचायत बनने के बाद मामला एक बार फिर संज्ञान में आया है।

### दबाव में कार्रवाई करने का आरोप

जानकारी के अनुसार गत एक सितंबर को उसी रोड किनारे हुए अतिक्रमण के खिलाफ नगर पंचायत ने दो कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया था। कब्जा नहीं हटाने पर 10 सितंबर को दूसरी बार नोटिस जारी हुआ लेकिन फिर भी कब्जा नहीं हटा तो गत 25 सितंबर को स्थानीय प्रशासन ने दल- बल के साथ जाकर तोड़ दिया। जबकि दूसरे कब्जाधारी को 25 सितंबर को ही जगह खाली करने की समझाइश देते हुए छोड़ दिया गया था, जिस पर एक महीने बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है।

### जवाबदेही से भाग रहे अधिकारी

इस संबंध में मुख्य नगर पालिक अधिकारी से जानकारी लेने पर उन्होंने यह कहते हुए टाल दिया कि, यह सब तहसीलदार देखते हैं। मेरा काम सिर्फ नोटिस जारी करना है। वहीं जब तहसीलदार से पूछा गया कि, अन्य अतिक्रमण पर एक्शन क्यों नहीं लिया गया तो उन्होंने कहा- यह काम मुख्य नगर पालिक अधिकारी का है। अफसरों के जवाब से साफ है कि वह अपने कामों के प्रति प्रतिबद्ध न होकर एक- दूसरे पर जिम्मेदारी थोप रहे हैं।

### हैंडपंप हुआ गायब

वार्ड 13 स्थित हैंडपंप ख़राब हो गया था। हैंडपंप के स्थान पर भवन निर्माण किया गया है और हैंडपंप पूरी तरह गायब हो गया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि हैंडपंप को पीएचई के अधिकारी ठीक करने के बजाए निकालकर ले गए। इस बात की जानकारी किसी को नहीं है। हैंडपंप निकलने के बाद मोहल्ले के लोग एक हैंडपंप पर निर्भर है जो आए दिन ख़राब होते रहता है।

### सरकारी हैंडपंप पर लोगों का कब्जा

यह मोहल्ला पूर्व में एक ही वार्ड में आता था लेकिन अब अलग- अलग वार्डों में बंट गया है। यहां पर दो सरकारी हैंडपंप है जिस पर लोगों ने कब्जा जमा लिया है। तालाब के किनारे तक को लोगों ने घेर लिया है। कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है। वार्ड 13 और 14 मुख्य मार्ग किनारे की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण है। जिसमें पक्का निर्माण, दुकान, दीवार घेराव आदि किया गया है।

### कुएं के सामने गार्डन बनाने का प्रस्ताव

वार्ड 14 की पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधियों के मुताबिक कुएं के सामने की जमीन पर गार्डन बनाने का प्रस्ताव है। जिसकी राशि भी स्वीकृत हो गई है जिसका हवाला देते हुए प्रशासन ने यह कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व में कचरा डिब्बा और हैंडपंप का भी प्रस्ताव आया था लेकिन लोगों ने अपने घर के सामने बनाने से मना कर दिया और उसे अन्यंत्र शिफ्ट कर दिया गया। वार्ड का एकमात्र सरकारी कुआँ जर्जर हो गया। ढहने से दुर्घटना होने की आशंका बनी है। नगर पंचायत बनने से पहले लोगों ने कई बार मरम्मत कराने का आग्रह किया लेकिन न तत्कालीन सरपंच ने ध्यान दिया और न वर्तमान पार्षद- अध्यक्ष ध्यान दे रहे हैं।

# शहीद ध्रुव को अर्पित किया श्रद्धासुमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में 24 अक्टूबर को पुलिस स्मृति समारोह आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य ने पुलिस निरीक्षक शहीद विनोद कुमार ध्रुव का जीवन परिचय एवं उनकी वीरता का उल्लेख करते हुए बताया कि मदनवाड़ा- कोरकोट्टी में नक्सली मुठभेड़ में उन्होंने जवाबी हमले के दौरान अदम्य शौर्य का परिचय देते हुए शहीद हो गए थे। उनकी शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । इसी दौरान उनके चित्र पर प्राचार्य एवं अतिथि व्याख्याताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर बीए, बीकॉम, बीएससी के छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि व्याख्याता डॉ.संजू सिंह, डॉ. हेमलता विरदी, कंचन साहू, हिमानी साहू, शुभि जैन, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, हरवंश चौरगे, मोनिश खान, ज्ञानेश्वर देवांगन, ओमप्रकाश सहारे एवं चंद्रकांत कुंभकार आदि मौजूद थे।

**डोंगरगढ़।** दीपोत्सव पर्व के अवसर पर राधिका नगर निवासी गोमास्ता परिवार ने आंगन में आकर्षक रंगोली बनाया था। शहर के लोगों ने इस रंगोली को काफी सराहा।



# युवा संगठन ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़



भगत युवा संगठन ने इस वर्ष दीपावली पर्व खास अंदाज़ में मनाया। संगठन ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन भगत भवन में किया।

कार्यक्रम में सभी वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधि, सरपंच, जनपद सदस्य और थाना प्रभारी सहित अन्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। दीपावली मिलन के साथ पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस चौकी के प्रभारी दिलीप पटेल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सरिता साहू, सरपंच भुनेश्वरी साहू, मदन साहू, तोपसिंह साहू, डॉ विद्याविलास श्रीवास्तव, अमरोतन साहू, उदे राम पटेल, खेलूराम साहू, शंकर, नोहर साहू, एसपी तिवारी, वाणी विलास पटेल, संतोष साहू, धरम जैन आदि उपस्थित रहे। संचालन संगठन के अध्यक्ष टीकम पटेल ने किया। इस दौरान टीकेश्वर साहू, खिलावन यादव, राजेश साहू, टुपेश साहू, घनेंद्र साहू, केशव साहू, योधन, शिवचरण पटेल, प्रभात साहू, झलेश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाया गोवर्धन पर्व

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी में पुरातन परंपरा अनुसार नगरवासियों ने गोवर्धन पूजा का आयोजन गौठान में किया। शीतला मंदिर, ग्राम देव स्थान में पूजन के बाद गौठान में गौ पूजन किया गया। पूजा में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, ढेलू पटेल, शंकर निषाद, सुक्रीतदास मानिकपुरी, धर्मेंद्र साहू, दिनेश ताम्रकार, राजकुमार यादव, श्याम यादव, अरुण यादव, काशी निषाद, कुंजेश यादव, यशवंत वर्मा, राजू यादव, दुर्गुराम किसान, प्रणय त्रिपाठी, प्रथम त्रिपाठी, काशी खंडेलवाल आदि शामिल हुए।



# लॉज के सामने मिला अज्ञात का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शुभम लाज के सामने 35 से 40 आयु के अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। मृतक अज्ञात पुरूष नीले रंग की शर्ट और काला लोवर पहना है। मृतक के शव को मरचुरी में रखा गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिवाली के दूसरे दिन कमलेश मेश्राम ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शुभम लॉज दो दिन से बंद है।

लॉज सामने अज्ञात व्यक्ति पडा है जो उठ नही रहा। पानी छिड़कने पर जब नही उठा तो चेक करने पर पाया कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। लॉज का सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर वह व्यक्ति 11 बजे आकर सुभम लॉज के पास लेटा है। वह रात्रि 7 बजे तक हरकत कर रहा था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच किया जा रहा है।

### 5 के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

शांति व्यवस्था कायम रखने थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार गस्त कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी कड़ी में शांति भंग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई किया जा रहा है। गत दिनों पुलिस ने विजय यादव उर्फ मोनू पिता बहादुर यादव निवासी काश्मीरी पारा, टिकेश्वर सिन्हा पिता राधेलाल सिन्हा निवासी चिद्दो, राधेलाल सिन्हा पिता भीकुराम सिन्हा निवासी चिद्दो, ओमप्रकाश सिन्हा पिता राधेलाल सिन्हा निवासी चिद्दो, दिनेश सिन्हा पिता धनुक सिन्हा निवासी चिद्दो जो अलग अलग जगहो पर वाद विवाद एवं लड़ाई झगडा कर रहे थे के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में में पेश किया।

### संयम की राह पर डोंगरगांव की एक और बेटी

# बाबुल का आंगन छूटेगा 28 को 31 को उतर जाएगा सांसारिक चोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

करीब 25 साल तक बोहरा परिवार के आँगन में चहकने, फुदकने वाली भाविका आगामी 28 अक्टूबर को ऐसे सफर पर रवाना हो जाएगी जिसके बाद सांसारिक जीवन से उसका नाता टूट जाएगा और उसका हर कदम संयम की राह पर आगे बढ़ेगा।

नगर के प्रतिष्ठित अमरचंद-किशोरकुमार बोहरा परिवार की बेटी भाविका (भक्ति) बोहरा ने संयम पथ पर चलने का संकल्प लिया। गुरू की आज्ञा मिलने के बाद गत 4 अक्टूबर को संयम महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस समारोह में सामाजिक प्रमुखों आदि ने भाविका के भावों की अनुमोदना करते हुए निरंतर संयम की राह पर चलने प्रेरित किया था। इस दौरान भाविका ने अपने भाईयों को आखरी बार रक्षासूत्र बांधा था। इसी कड़ी में र आगामी 28 अक्टूबर को भाविका की बाबुल के आँगन से बिदाई होगी।

### दीक्षा समारोह राजस्थान में



जानकारी के अनुसार भाविका बोहरा आगामी 31 अक्टूबर को राजस्थान के गढ़ सिवाना में होने वाले समारोह में दीक्षा ग्रहण कर सांसारिक चोला उतार कर साध्वी के रूप जिन शासन की ध्वज वाहिका बन जाएगी। इस समारोह में भाविका के करीबी रिश्तेदार और अंचल के श्रावक श्राविकाओं के भी शामिल होने की संभावना है। दीक्षा के बाद भाविका का परिजनों सहित अन्य से नाता टूट जाएगा और वह साध्वी के रूप में गुरू भगवंतों के सानिध्य में रहकर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने के साथ अन्य को भी इस दिशा में चलने प्रेरित करेगी। गौरतलब है कि भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह के सिद्धांत को आमजन तक पहुंचाने संकल्पित भाविका बोहरा को दादा अमरचंद, पिता किशोर बोहरा, मां श्रृद्धा बोहरा ने इस पथ पर आगे बढ़ने आचार्य ज्ञान गच्छाधिपति प्रकाश मुनि म.सा. के समक्ष दीक्षा अंगीकार हेतु आज्ञापत्र सौंपा था।

### इतिहास में जुड़ता पन्ना

शहर से अब तक 10 दीक्षा हो चुकी है। धर्म के सफर की शुरुवात गंगावती श्री जी म. सा. ने की थी। उनके बाद दीक्षा ग्रहण करने वालों में सौरभ मुनि श्री, दिव्य दर्शन मुनि श्री, निर्जरा श्री जी, विरक्ता श्री जी, प्रज्ञा श्री जी, सुप्रज्ञा श्री जी, प्रार्थना श्री जी शामिल है। वही दिगंबर जैन समाज की आर्यिका 105 सारमति और आर्यिका 105 रजत मति माता भी गृहस्थ जीवन त्याग कर धर्म की राह पर चल रही है। इसी कड़ी में अब भाविका बोहरा का नाम इतिहास के पन्ने में जुड़ने जा रहा है।

# कालेज में नए छात्रों का स्वागत



**छुरिया।** रानी सूर्यमुखी महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर नव प्रवेशी छात्र- छात्राओं का वेलकम किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश्वर ध्रुवे, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, प्राचार्य सुषमा चौरे, प्रो श्री भाटिया मौजूद थे। शुभारंभ और स्वागत के बाद अध्यक्ष ध्रुवे ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन सबसे सुनहरा समय होता है। इस दौर में पढ़ाई के साथ व्यक्तित्व निर्माण होता है।

जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि इस ज्ञान मंदिर में सपनों को आकार दिया जाता है। यहां सिर्फ किताबों से नहीं बल्कि अनुभवों से सीखेंगे। महाविद्यालय की सीनियर छात्राओं ने नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का गुलाल अभिषेक कर स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती चौरे और प्रो भाटिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर स्वप्निल पटेल, लेखराम निर्मलकर, टीकम साहू, हितेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### सीसी रोड का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कांकेतरा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सीसी रोड का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के बाद विधायक ग्राम में आयोजित मातर कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान विधायक बघेल ने कहा कि वह ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर जनपद सदस्य, सरपंच, पंच आदि उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# दावेदारों से तौबा: कांग्रेस अध्यक्ष के लिए अब विधायक-पूर्व विधायक के नाम पर मंथन

## दिल्ली में प्रदेश के आला नेताओं से की रायशुमारी, जल्द नाम की होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष को लेकर अब जल्द ही नाम ऐलान किए जाने की तैयारी कर ली गई है। कांग्रेस आलाकमान जिला एवं शहर अध्यक्ष के चयन को लेकर एक बैठक गुरुवार को दिल्ली में की है। इसमें यह तय किया गया है कि ग्रामीण में किसी विधायक या पूर्व विधायक को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

वहीं जातिगत समीकरण को देखते हुए जिले में ओबीसी और शहर में सामान्य वर्ग से नया अध्यक्ष चुना जा सकता है। बताया गया कि अगले महीने के पहले सप्ताह में सूची जारी कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में कांग्रेस द्वारा पर्यवेक्षक बनाए गए चरण सिंह सापरा ने सभी विधानसभा का दौरा कर दावेदारों से मुलाकात और आवेदन जमा कराए थे। उस दौरान दावेदारों को लेकर रिपोर्ट तैयार करने के साथ ही जिले एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से भी उनकी पसंद पूछी गई थी। सभी की राय मिलने के बाद अब आलाकमान अपनी रिपोर्ट के अनुसार ही नया अध्यक्ष का चयन करने वाले है। बताया गया कि सभी पहलू को देखते हुए नाम तय कर लिए गए है, जिसके एलान का इंतजार शेष है।

### इन नेताओं के नाम

भले ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण बनने के लिए दर्जनभर से अधिक नेताओं ने आवेदन किया हो, परन्तु नया अध्यक्ष विधायक या पूर्व विधायक को ही बनाया जा सकता है। इनमें विधायक दलेश्वर साहू, विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू और पूर्व विधायक भूनेश्वर बघेल के नाम प्रमुखता से बताए जा रहे है। वहीं शहर में नरेश डाकलिया, रमेश डाकलिया, जीतू मुदलियार, अमित चंद्रवंशी और सुर्यकांत चित्लांग्या के नाम शामिल है।

### जिले में ओबीसी शहर में सामान्य



कांग्रेसी सूत्र के अनुसार हाईकमान ने जिले को लेकर अपना मन तय कर लिया है। बताया गया कि जिले में ओबीसी वर्ग से और शहर में सामान्य वर्ग से किसी चेहरे को अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसमें भी यह देखा जा रहा है कि जिले में ओबीसी वर्ग में किस समाज की हिस्सेदारी अधिक है। वहीं शहर में भी सामान्य वर्ग में अधिक आबादी वाले समाज से आने वाले नेता को मौका दिया जा सकता है।

### पीछे हट रहे विधायक

मिली जानकारी के अनुसार नए जिला अध्यक्ष की ताजपोशी से पहले कांग्रेस के शीर्ष नेता जिले के कांग्रेसी विधायक और पूर्व विधायकों से सीधे संपर्क कर रहे है। इन नेताओं से संपर्क कर नए अध्यक्ष बनने को लेकर उनका मन टटोला जा रहा है। हालांकि अधिकांश विधायक और पूर्व विधायक ने आगामी समय में चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए अभी अध्यक्ष बनने से इंकार कर दिया है।

---

## खबर संक्षेप

### त्योहार मनाकर आ रहे बाइक सवार की मौत

**राजनांदगांव।** गांव में मातर त्योहार मना कर अपने घर जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरा जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 अक्टूबर को ढाई बजे लगभग हेमंत कुमार साहू पिता छन्नू लाल साहू उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खुटेरी थाना सोमानी अपने बाइक में मातर त्यौहार मना कर घर जा रहा था ।

**सिर में लगी थी गंभीर चोट**

जो बाइक को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ग्राम के सरपंच के बाउंड्री वॉल में जाकर अनियंत्रित होकर सीसी रोड में गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। जिसे इलाज हेतु तत्काल सोमनी अस्पताल लाया जिसे डॉक्टर द्वारा मृत्यु होना बताया गया । उक्त घटना पर प्रार्थी श्यामलाल साहू निवासी ग्राम खुटेरी थाना सोमानी की रिपोर्ट पर थाना सोमानी में मर्ग धारा 194 बी एन एस एस कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया। उक्त घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

### जिले को मिली पहली महिला पुलिस अधीक्षक



**राजनांदगांव।** छग राज्य शासन ने राज्योत्सव के पहले पुलिस विभाग में एक फेरबदल करते हुए पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है वहीं सुश्री अंकिता शर्मा को राजनांदगांव एसपी बनाया गया है। वे जिले की पहली महिला पुलिस अधीक्षक होंगी। ज्ञात हो कि सुश्री अंकिता शर्मा वर्तमान में सक्ती की पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाए दे रही है। उनका यह पुलिस अधीक्षक के रूप में तीसरा जिला होगा, इसके पूर्व भी राजनांदगांव से पृथक हुए खैरागढ छुईखदान गंडई जिले में भी पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ रह चुकी है। ज्ञात हो आईपीएस अंकिता शर्मा 2018 बैच की अफसर है।

---

## धान की अवैध आवक को लेकर प्रशासन ने बनाया नया प्लान

# तस्करी पर शिकंजा कसने खरीदी से 15 दिन पहले लगेंगे चेकपोस्ट, रहेगी नजर

### कलेक्टर ने बैठक लेकर अफसरों को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 15 नवंबर से शुरु होने वाली धान की सरकारी खरीदी से पहले जहां समितियों में तैयारियां शुरु कर दी गई है। वहीं प्रशासन ने भी अपनी ओर से बैठक कर खरीदी के दौरान अवैध आवक की रोकथाम के लिए नया प्लान बना लिया है।

जिसके तहत जहां अब तक खरीदी शुरु होने के साथ बार्डर पर चेकपोस्ट लगाए जाते थे, इस बार इसमें बदलाव करते हुए खरीदी शुरु होने से पखवाड़ेभर पहले ही बार्डर पर तैनाती कर दी जाएगी। जिले के तीन स्थानों को इसके लिए चयनित भी कर लिया गया है। जहां दिनभर निगरानी रखने के लिए अलग- अलग विभाग के कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ सालों के दौरान सामने आई धान तस्करी की शिकायतों को देखते हुए कलेक्टर जितेंदर यादव ने इस बार पहले से ही प्रशासनिक अफसरों को सख्त निर्देश जारी कर दिए है। उन्होंने धान की तस्करी को रोकने हर संभव प्रयास करने कहा है।

**खास बातें**

- 15 नवंबर से शुरु होगी खरीदी
- जिले में तीन चेकपोस्ट बनेंगे
- दिन-रात तैनात रहेंगे कर्मचारी



फाईल फोटो

### कई विभाग को जिम्मा

कलेक्टर जितेंद्र यादव ने समय सीमा की बैठक के दौरान खाद्य विभाग सहित अन्य विभाग को चेकपोस्ट को लेकर निर्देशित किया है। बताया गया कि खाद्य विभाग, मंडी, राजस्व, वन के साथ ही आरटीओ महकमे को साथ मिलकर चेकपोस्ट लगाने कहा गया है। इन सभी विभाग के कर्मचारियों की तैनाती इन चेकपोस्ट में की जाएगी। इसके साथ ही अफसरों को भी चेकपोस्ट पर समय-समय पर दस्तक देने कहा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर कर्मचारियों की सूची भी तैयार कर ली गई है।

### किसान पंजीयन जारी, 31 तक समय

इधर धान खरीदी को लेकर किसानों का पंजीयन का दौर जारी है। बताया गया कि एग्रीटेक पोर्टल में आगामी 31 अक्टुबर तक की अवधि पंजीयन के लिए तय की गई है। ज्ञात हो जिले में पिछले बार लगभग सवा लाख किसानों से धान खरीदी की गई थी। इस बार भी इतने ही संख्या में किसान धान बेचने की तैयारी में है।

**पाटेकोहरा सहित तीन चेकपोस्ट :** मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देश बाद विभाग ने जिले में तीन चेकपोस्ट बनाए जाने की तैयारी कर ली गई है। इनमें पाटेकोहरा, बोरतलाव और कल्लूबंजारी के चेकपोस्ट शामिल है। बताया गया कि इन तीनों ही चेकपोस्ट में एक नवंबर से टीम को तैनात कर दिया जाएगा। 24 घंटे निगरानी रखने के लिए तीन शिफ्ट में कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

---

# अपने ही दोस्त की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम छछानपाहरी में गोवर्धन पूजा की रात आयोजित रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम के बीच गांव से बाहर हुए मारपीट का मामला अब हत्या मे तब्दील हो गया है। अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से नाजुक स्थिति में रेफर किए गए 18 वर्षीय नवयुवक ने राजनांदगांव के संजीवनी अस्पताल में गुरुवार देर रात को दम तोड़ दिया है। युवक की मौत के बाद इस घटना में शामिल आरोपियों को त्वरित सख्त कदम उठाते हुए पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपाहरी में गोवर्धन पूजा की रात रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था कार्यक्रम में शामिल होने छछानपाहरी, भनसुला, लझिया निवासी पढ़ने वाले नव युवक छात्रों के दो गुटों मे प्रेम प्रसंग के मामले में वाद विवाद मारपीट हो गया। मारपीट में शामिल युवकों ने अति क्रोध में आते हुए छछानपाहरी निवासी साहिल साहू की लात घुसे तथा डंडे से बेदम पिटाई कर दिया। सिर मे गंभीर चोट के बाद नाजुक स्थिति में साहिल को आनन फानन मे अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से उसे राजनांदगांव रेफर किया गया। संजीवनी अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार देर रात साहिल साहू की मौत हो गई।

### मारपीट का मामला हत्या में तब्दील



घटना के दूसरे दिन गुरुवार को परिजनों ने शाम को अंबागढ़ चौकी थाना पहुंचकर मृत युवक के साथ बेहरमी से हुई पिटाई की रिपोर्ट दर्ज कराया जिसमें एसपी वाईपी सिंह के निर्देश में त्वरित पुलिस ने अपराध क्रमांक 174/25 दर्ज करते हुए धारा 292, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला कायम किया। इधर कुछ समय बाद साहिल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत की खबर आई जिसके उपरांत मामला हत्या में तब्दील हो गया।

### घटना की जानकारी से अनभिज्ञ रहे परिजन और ग्रामीण

डंडे के वार से बेहोश हालात में देखने के बाद आरोपी युवक अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर वहां से भाग गए। इधर घटना स्थल से अन्य साथी साहिल को पहले सामुद्रायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी लाये जहां गाड़ी से गिरने की बात अस्पताल प्रबंधन को बताया। उसके बाद नाजुक स्थिति में होने के कारण उसे राजनांदगांव लेकर पहुंचे, जहां मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में भर्ती करने के बजाय प्राइवेट अस्पताल संजीवनी में एडमिट किया गया। इस घटना की जानकारी पूरी रात और दूसरे दिनभर ना तो ग्रामीणों को दी गई और ना ही परिजनों को।

### हत्या का मामला दर्ज

मामले में पहले मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। युवक की मौत के बाद हत्या का मामला कायम करते हुए सभी आरोपियो को हिरासत में ले लिया गया है। - **वाईपी सिंह**, एसपी, एमएमसी

---

# चार दिनों में आबकारी के 14 मामले में एक्शन, 17 कोचियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्व के दौरान विगत चार दिनों के भीतर अवैध रूप से शराब बिक्री,जुआ एक्ट व असमाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ कार्यवाही की गई है। जिसमें आबकारी के 14 मामलो में 17 आरोपियों पर कार्यवाही की गई।

पुलिस के अनुसार 20 से 23 अक्टूबर तक सायबर सेल एवं डोंगरगांव पुलिस द्वारा 34 (2) आबकारी एक्ट के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 336 पौवा प्लेन शराब व ब्रिकी रकम 960 रूपये, घुमका पुलिस द्वारा 34(2), 34(1) आबकारी एक्ट के 2 प्रकरण में 2 आरोपी से 70 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 18 पौवा अंग्रेजी शराब नगदी रकम 300 रूपये व 36(च) आबकारी एक्ट 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना बसंतपुर में 36(च) आबकारी एक्ट 4 प्रकरण 4 आरोपी, थाना छुरिया में 36(च) आबकारी एक्ट 3 प्रकरण में 6 आरोपी, थाना डोंगरगढ़ में 36 (च) आबकारी एक्ट के 1 प्रकरण में 1 आरोपी, पुलिस चौकी चिचोला में 34 (1) आबकारी एक्ट के 1 प्रकरण 1 आरोपी के पास से 20 पौवा अंग्रेजी शराब एवं 36(च) आबकारी एक्ट के 1 प्रकरण 1 आरोपी। कुल आबकारी एक्ट के तहत 14 प्रकरणों में 17 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही हुई है।

### जुआ एक्ट में भी कार्रवाई

इसके अतिरिक्त जुआ एकट के तहत थाना बसंतपुर द्वारा 1 प्रकरण में 5 आरोपी गिरफ्तार व फड से 24360 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त, लालबाग द्वारा 4 प्रकरण में 18 आरोपी गिरफ्तार व फड से 10520 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त, थाना गैंदाटोला द्वारा 2 प्रकरण में 10 आरोपी गिरफ्तार व फड से 2870 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त, ओपी चिचोला द्वारा 1 प्रकरण में 3 आरोपी गिरफ्तार व फड से 1260 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त, थाना छुरिया द्वारा 1 प्रकरण में 4 आरोपी गिरफ्तार व फड से 1620 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त, थाना सोमनी द्वारा 1 प्रकरण में 3 आरोपी गिरफ्तार व फड से 950 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त, थाना कोतवाली द्वारा 1 प्रकरण में 4 आरोपी गिरफ्तार व फड से 2900 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त, पुलिस चौकी सुकुलदैहान द्वारा 1 प्रकरण में 5 आरोपी गिरफ्तार व फड से 3590 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त, पुलिस चौकी तुमडीबोड़ द्वारा 2 प्रकरण में 8 आरोपी गिरफ्तार व फड से 7570 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त, थाना डोंगरगढ़ द्वारा 1 प्रकरण में 4 आरोपी गिरफ्तार व फड से 7840 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त, पुलिस चौकी मोहारा द्वारा 1 प्रकरण में 5 आरोपी गिरफ्तार व फड से 2900 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त, थाना डोंगरगांव द्वारा 2 प्रकरण में 7 आरोपी गिरफ्तार व फड से 2830 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त कर कार्यवाही किया गया।

---

- शाराबबंदी, सुरक्षा कानून, आयोग का गठन सहित कई मांग शामिल

# आज से स्टेयरिंग छोड़ेंगे ड्राइवर, बस मालिकों ने कहा: नहीं थमेगा परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी, ड्राइवर आयोग का गठन, ड्राइवर के लिए सुरक्षा कानून सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ड्राइवर महासंगठन द्वारा 25 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन स्टेयरिंग छोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ड्राइवर संगठन ने कहा है कि प्रदेश में बस, ट्रक, टैक्सी सहित सभी वाहन के चालक इस आंदोलन में शामिल होंगे और कोई भी वाहन नहीं चलेगी। ड्राइवर संगठन के इस हड़ताल को लेकर बस ऑपरेटर और परिवहन संघ द्वारा अपने वाहन चलाने की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल को लेकर उनका कोई समर्थन नहीं है, बस और ट्रकें यथावत चलेगी।

लंबे समय से ड्राइवर संगठन द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है । ज्ञापन के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने कहा जा रहा है, लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर अब ड्राइवर महा संगठन द्वारा 25 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन स्टेयरिंग छोड़ो अभियान के तहत हड़ताल किए जाने की चेतावनी दी गई थी। जिसके तहत संगठन से जुड़े लोग इस आंदोलन में शामिल होंगे। जिससे कई वाहन प्रभावित रहेंगे।



### अलग-अलग पॉइंट में रोके जाएंगे वाहन

ड्राइवर महा संगठन के प्रदेश प्रभारी अमित ध्रुवें ने बताया कि रात 12 बजे के बाद मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा सीमा से आने-जाने वाले बस ट्रक और टैक्सी को रोका जाएगा। वही ड्राइवरों को समझाइए दी जाएगी । उन्होंने कहा कि हड़ताल के समर्थन के लिए सभी ड्राइवर से सहयोग मांगा गया है । विभिन्न ट्रांसपोर्टर और संगठन से भी समर्थन लिया गया है । उन्होंने बताया कि ड्राइवर महा संगठन के लोगों के द्वारा खैरागढ़, नर्मदा, डोंगरगढ़, चिचोला क्षेत्र में पॉइंट लगाकर वाहनों को रोका जाएगा । वहीं शहर के फरहद चौक, पेन्ड्री सहित अन्य क्षेत्र में भी ड्राइवर महा संगठन के लोग वाहन रोकने तैनात रहेंगे ।

### यात्री बस बंद से मुक्त

ड्राइवर संगठन की हड़ताल को लेकर बस स्टैंड में कोई भी असर नजर नहीं आया। यहां पर किसी भी तरह के बैनर पोस्टर हड़ताल को लेकर नहीं लगाए गए थे। इस हड़ताल के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला यातायात महासंघ के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने कहा है कि इस हड़ताल को लेकर छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ को कोई भी जानकारी नहीं दी गई है उन्होंने कहा कि बसों का संचालन आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आता है। यात्रियों को असुविधा न हो इसलिए बसें नियमित रूप से चालू रहेगी। उन्होंने कहा कि बस संचालकों के द्वारा किसी भी प्रकार के हड़ताल का आह्वान नहीं किया गया है।

### *जिला ट्रक संचालकों का समर्थन नहीं*

*ट्रकों के मामलों को लेकर जिला परिवहन संघ के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत का कहना है कि इस हड़ताल को उनके संघ द्वारा कोई भी समर्थन नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रकों के माध्यम से एफसीआई के चावल की रेक लगी हुई है और अन्य आवश्यक सेवाओं का कार्य भी है । उन्होंने बताया कि ड्राइवर संगठन द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई है वही इस मामले में उन्होंने शासन प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।*

---

## लीड बैंक द्वारा किया गया आयोजन, दर्जनभर से अधिक बैंक हुए शामिल

# जिले के 89 हजार खाताधारकों की 26 करोड़ रुपए अनक्लैम राशि बैंकों में जमा, शिविर लगाकर 73 लाख का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के विभिन्न बैंकों में 89 हजार से अधिक खाता धारकों के लगभग पौने 27 करोड़ रुपए अनक्लैमड राशि जमा है। बिना दावा और निष्क्रिय खातों में जमा इन राशि की वापसी को लकर अब शिविर के आयोजन किए जा रहे है। ऐसे ही एक शिविर के दौरान शुक्रवार को विभिन्न बैंक द्वारा 73 लाख रुपए वितरित किए गए है। आने वाले दिनों में भी इसी तरह के शिविर लगाकर शेष राशि का वितरण किया जाना है।



लीड बैंक मैनेजर मोहनीश शर्मा ने बताया कि राजनादगांव जिला में 89367 खातों में 26.63 करोड़ की राशि अभी देय है। यह तिमाही अभियान जिला स्तर पर, जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन के अनुसार चलाया जा रहा है। लगभग 15 बैंकों एवं जीवन बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों की उपस्तिथि इस आयोजन में रही। लीड बैंक कार्यालय द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाना है। गांधी सभागृह 24 अक्टुबर को समस्त बैंकों व जीवन बीमा कंपनियों द्वारा विशेष अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार के अंतर्गत निष्क्रिय खातों के सक्रियकरण एवं बिना दावा किये गए जमा राशि को वापसकिए जाने हेतू जिला स्तरीय जागरूकता एवं समाधान शिविर लगाया गया था। यह आयोजन वित्त मंत्रालय एवं रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा 1 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित विशेष तिमाही अभियान के अंतर्गत किया गया।

### 73 लाख रुपए का भुगतान

गांधी सभागृह में आयोजित इस अभियान के तहत विभिन्न बैंक द्वारा अभी तक 89 खातों में 73.87 लाख रूपए का खाताधारकों एवं खाताधारकों के उत्तराधिकारियों को भुगतान किया गया है। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा की दावा नहीं किये गए बीमा पालिसी के क्लेम प्रक्रियाकी जानकारी भी दी गयी। इसके साथ ही बैंक ऑफ़ इंडिया, रायपुर जोनल ऑफिस से उप-मंडल प्रबंधक नागेन्द्र चौरसिया विशेष अतिथि के द्वारा दावा का प्रमाण पत्र 12 हितग्राहियों को दिया गया।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

भारत सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं जैसे जनधन खाता,जीवन ज्योति बीमा,जीवन सुरक्षा बीमा,अटल पेंशन योजना इत्यादि का पंजीकरण भी शिविर में किया गया। इस शिविर में पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजनाकी जानकारी भी दी गयी। खातों की पुनः केवाईसी कार्य मौके पर पूर्ण किया गया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## सार समाचार

### धान खरीदी के संबंध में बैठक आज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कल 25 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दो पालियों में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान उपार्जन के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रथम पाली सुबह 10 बजे राजनांदगांव एवं डोंगरगांव विकासखंड तथा द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे छुरिया एवं डोंगरगढ़ विकासखंड के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

### पुलिस की सख्ती से शराबियों के उड़े होश

**छुईखदान।** दिवाली पर्व पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना छुईखदान के नेतृत्व में जगह-जगह नाकाबंदी कर वाहन चेक किया गया। पुलिस की सख्त कार्यवाही से शराबियों के होश उड़ गए और कई लोगों ने शराब सेवन से दूरी बना ली। पुलिस के चेकिंग अभियान के चलते नगर और आसपास के क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई। वहीं अवैध शराब विक्रेताओं में पुलिस की सख्ती से हड़कंप मच गया। कई ने अपने ठिकाने बंद कर दिए थे। थाना प्रभारी ने किसी भी हालत में अवैध शराब बिक्री को बर्दास्त नहीं किये जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि तीन सवारी बाइकर्स की अब खैर नहीं। बगैर लायसेंस धारी वाहन चालकों पर भी कार्यवाही होगी। जिसके चलते त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नही घटी। अपराध रोकने विशेष टीम गठित की गई थी जिसके चलते दिवाली पर नगर में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में सफलता मिली।

## बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा पद्धति को लेकर आदिवासी समाज ने किया महापंचायत

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में आदिवासी समाज के द्वारा पूजा पाठ के मामले को लेकर आदिवासी समाज की छवि करने खराब करने का हवाला देकर सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय महापंचायत का आयोजन किया गया।

इस महापंचायत के आयोजन को लेकर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश सचिव विनोद कुमार नागवंशी ने कहा कि अभी जो डोंगरगढ़ बमलाई मंदिर को लेकर आदिवासी समाज को सनातन धर्म का विरोधी बताया जा रहा है और गलत तरीके से पूजा पाठ करने का आरोप लगाया जा रहा है इस पर समाज को आपत्ति है। उन्होंने कहा कि बम्लाई दाई आदिवासियों की देवी है। पहले गोड़, बैग पुजारी यहां पूजा पाठ करते थे। धीरे-धीरे ट्रस्ट ने कब्जा कर लिया। समाज की सहमति और पूजा पाठ की पद्धति को नहीं अपनाया गया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट चलने वाले तथाकथित लोग आदिवासी समाज को धर्म विरोधी बताकर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

### महापंचायत में हुआ निर्णय

महापंचायत में निर्णय लिया गया मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति को भंग करने की मांग की जाए। उन्होंने इस मामले को कलेक्टर के समक्ष भी रखा है। आदिवासी समाज द्वारा कहा गया है कि इस पर कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि ट्रस्ट के माध्यम से पारदर्शिता रखी जाएगी। आदिवासी पूजा पद्धति और आदिवासी समाज के लोगों को ट्रस्ट में शामिल करने को लेकर प्रयास किया जाएगा।

### 15 नवंबर को महाबंद आयोजन

इस मामले में आगामी 15 नवंबर को आदिवासी समाज द्वारा अस्मिता, अधिकार और अस्तित्व की लड़ाई को लेकर महाबंद का आयोजन किया गया है। आदिवासी समाज की इस महापंचायत में छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के समाज प्रमुख शामिल हुए।



### सुखदेव साहू का निधन

**राजनांदगांव।** विद्युत मंडल के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं तुलसीपुर निवासी सुखदेव साहू (83 वर्ष) का निधन हो गया। मोतीपुर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्रों सुरेश-महेन्द्र साहू एवं दो पुत्रियां सुनीता साहू व अनिता साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

# नेशनल हाईवे में दुर्घटनाएं रोकने लगेगी हाई मास्क लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव एवं पुलिस अधीक्षकमोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिले के ब्लैक स्पॉट, पार्किंग स्थल एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पिछले 3 वर्षों के सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर दुर्घटनाजन्य स्थलों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग सबसे लंबा है इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग में जुडने वाली सड़कों में स्पीड ब्रेकर और साईन बोर्ड बनाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग में चिन्हांकित स्थानों पर हाईमास्क लाईट शीघ्र लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में घुमंतू पशुओं को गौशाला या पशु आश्रय स्थल में रखने कहा। उन्होंने शहर में होने वाले अतिक्रमण के संबंध में चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## बैठक में कलेक्टर ने जिले के ब्लैक स्पॉट, पार्किंग स्थल एवं यातायात व्यस्था की ली जानकारी

### 17 गौधाम स्थल का चयन

कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा गौधाम योजना शुरू की गई है। गांवों में गौधाम स्थापित किया जाएगा, जिसे ऐसे संस्थान को दिया जाएगा, जहां पशुओं की देख-रेख की जाएगी और उन्हें प्रति पशु के हिसाब से अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के 17 गौधाम स्थलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने सड़कों पर मवेशी मिलने पर मवेशी मालिकों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग से पशुओं को हटाने के साथ-साथ निकटतम गौशाला में छोडने कहा।




### राजमार्ग में लाईट लगाने निर्देश

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग में पर्याप्त मात्रा में लाईट लगाने के निर्देश दिए। जिससे सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। शहर में अव्यवस्थित विद्युत तार पोल एवं ट्रांसफार्मर को व्यवस्थित तरीके से स्थापित करने के निर्देश दिए। शहर के चौक-चौराहों में पर्याप्त मात्रा में लाईटिंग और सड़कों के डिवाईडरों में रेडियम लगाने के निर्देश दिए। शहर में पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन करने कहा।

### दुर्घटनाओ का रिकार्ड करे संधारित

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि दुर्घटना होने के बाद एम्बुलेंस द्वारा हास्पिटल पहुंचा दिया जाता है लेकिन इसका पंजीयन नहीं हो पाता है। ऐसे दुर्घटनाओं की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को संधारित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पाट के अलावा अन्य स्थलों में जहां सड़क दुर्घटना हो रही उसका चिन्हांकन करने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थल भी हैं जहां सड़क दुर्घटना से घायल हो रहे है मृत्यु नहीं हो रही हैं ऐसे स्थलों का भी चिन्हांकन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर तकनीकी समस्या, लाईटिंग, पेड के कारण सड़क दुर्घटना नहीं होनी चाहिए। हाईवे में जुडने से पहले सड़कों पर स्प्रीड ब्रेकर, ब्लिंकर, रम्बलर, लाईट लगाने कहा।

## पालक चौपाल पूरे जिले में किया जा रहा संचालित

# पोट्ठ लईका: जिले में 65.81 प्रतिशत बच्चे हुए कुपोषण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा यूनिसेफ और एबीस की पहल के साथ साझेदारी में पोट्ठ लईका पहल अभियान का संचालन किया जा रहा है। पोट्ठ लईका पहल अभियान जून 2024 से संचालित है। जिसके तहत सर्वाधिक कुपोषित बच्चों वाले 241 आंगनबाडी केन्द्रों का चयन किया गया। जिसमें 323 अति गंभीर कुपोषित, 1080 मध्यम तीव्र कुपोषण, 284 गंभीर रूप से कम वजन वाले बच्चे और 1 हजार 726 मध्यम कम वजन वाले कुल 3 हजार 413 कुपोषित बच्चों को लक्षित किया गया।

पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को यूनिसेफ द्वारा पोषण संबंधी परामर्श में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के बाद उन्होंने अपने क्षेत्र में पोषण परामर्श देना शुरू किया। कार्यक्रम के अंतर्गत लक्षित आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रत्येक शुक्रवार को पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है। इस चौपाल में लक्षित बच्चों के माता-पिता, सरपंच, सचिव, नवविवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं, स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाएं शामिल होती हैं। पालक चौपाल में सभी समुदाय को सुपोषण के मुद्दे से जोड़ते हुए उनको पोषण परामर्श दिया जाता है और कुपोषित बच्चों के वजन को हर सप्ताह मॉनिटर किया जाता है। इस अभियान में मार्च 2025 की स्थिति में 2 हजार 246 बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला गया है। इस प्रकार से कुल 65.81 प्रतिशत बच्चे कुपोषण से मुक्त हुए। इसकी सफलता को देखते हुए इस अभियान पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



### बच्चों की सतत निगरानी

पोट्ठ लईका पहल अभियान की सफलता को देखते हुए इस अभियान का संचालन माह जून 2025 से पूरे जिले में किया जा रहा है। माह जून 2025 की स्थिति में इनमें शामिल 443 अति गंभीर कुपोषित, 2396 मध्यम तीव्र कुपोषण, 731 गंभीर रूप से कम वजन वाले बच्चे और 6 हजार 181 मध्यम कम वजन वाले कुल 6 हजार 912 बच्चे जिन्हें पोषण परामर्श और निगरानी के माध्यम से कुपोषण से बाहर लाने हेतु निरंतर प्रयास किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप माह सितम्बर 2025 में इनकी संख्या घटकर 234 अति गंभीर कुपोषित, 1499 मध्यम तीव्र कुपोषण, 526 गंभीर रूप से कम वजन वाले बच्चे और 5197 मध्यम कम वजन वाले कुल 5723 हो गई है। जिन्हें पोषण परामर्श और निगरानी के माध्यम से कुपोषण से बाहर लाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले के सभी ब्लॉक के अति गंभीर कुपोषित बच्चों को ऑगमेंटेड टेक होम राशन (एटीएचआर) भी प्रदान किया जा रहा है और निरंतर प्रत्येक गुरूवार को पालक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है ताकि जिले को कुपोषण से मुक्त किया जा सके।

## गौवंश तस्करी का सह आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मवेशी तस्करी प्रकरण में जांच पड़ताल करते हुए छुरिया पुलिस ने सह आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मवेशी तस्करों के साथ मिलकर गोवंश की तस्करी करता था।



पुलिस के मुताबिक 9 अक्टूबर की रात्रि में छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही महिंद्रा पिकअप को थाना छुरिया स्टाफ के द्वारा ग्राम भकुर्रा के पास रोककर पकड़ा गया था। जिसमें वाहन का मालिक, चालक मवेशी भरे वाहन से मौका पाकर वाहन से कूदकर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। वाहन में बैठा हेलपर पकड़ा गया था। मामले में थाना छुरिया में धारा 4 , 6, 10 छ.ग. कृ. प.परि.अधि, 11 पशु क्रू. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने पिकअप हेलपर संदीप जब्बार मरई, आरोपी वाहन चालक डोमेश उर्फ पप्पू मालघाटी व मवेशी खरीददार महेन्द्र बिंझलेकर को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

### महाराष्ट्र में पकड़ा गया

पुलिस द्वारा प्रकरण के फरार आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। विवेचना के दौरान 24 अक्टूबर को फरार आरोपी रिंकू उर्फ दिपेश धरमदास गंजीर को ककोडी थाना चिचगढ़, महाराष्ट्र से पकड़ कर आरोपी से मामले के घटना के संबंध में पूछताछ एवं विवेचना पर आरोपी के द्वारा अपराध घटित करना एवं उसके विरुद्ध साक्ष्य पाए जाने से उसे 24 अक्टूबर को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है।

# आईडी हैक कर करोड़ों की जमीन हड़पने का मामला, दोषियों को गिरफ्तार करने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक पटवारी की आईडी हैक कर करोड़ों की जमीन की हेरा फेरी करने का मामला सामने आया है। जिस पर अब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वही संदिग्ध लोगों से पूछताछ नहीं की गई है। इसको लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने आज कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करने मांग की है।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि जिला प्रशासन की गंभीर लापरवाही के चलते महेंद्र जैन नामक व्यक्ति की करोड़ों रुपये की जमीन फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति राजेंद्र जैन के नाम पर दर्ज कर दी गई। प्रशासन का कहना है कि संबंधित पटवारी की आईडी हैक कर यह धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली है, लेकिन पिछले छह महीनों से जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि आईडी हैक का हवाला देकर शैलेश जैन के पिता महेन्द्र जैन के नाम की जमीन दूसरे के नाम पर स्थानांतरित कर दी गई। जिसकी अब तक सिर्फ जांच चल रही है। जिन पर एफआईआर हुआ है उनकी अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि किसी की करोड़ों की जमीन दूसरे के नाम पर कर दी जा रही है। इस पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस के द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में भाजपा नेताओं का दबाव है। जिस राजेंद्र जैन के नाम पर जमीन गई है वह पहले कांग्रेस के पार्षद थे और अब भाजपा के नेता हैं। जिससे प्रशासन कार्रवाई करने से डर रहा है।



### पूछताछ कर कार्रवाई की मांग

युवा कांग्रेस के द्वारा कहा गया है कि इस पूरे मामले में पटवारी, तत्कालीन तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर की भूमिका भी संदिग्ध है। सभी से पूछताछ करते हुए जांच करके जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। वही जिसकी जमीन है उसे लौटाई जाए ।

### कार्रवाई नहीं होने पर होगा आंदोलन

उन्होंने चेतावनी दी कि पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए युवा कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगा। युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने मांग की है कि पटवारी की आईडी हैक प्रकरण की जांच पुलिस और राजस्व विभाग के संयुक्त समन्वय से की जाए तथा आईडी सुरक्षा प्रणाली की समीक्षा कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगेगी और प्रशासन पर जनता का भरोसा कायम रहेगा।

# मांगों को लेकर सेवा सहकारी समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों ने किया धरना प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बैनर तले कलेक्टर कार्यालय के सामने जिले के सभी धान खरीदी के समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को रखा है।

आगामी 15 नवंबर से प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। इससे पहले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धान खरीदी केन्द्रों के समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों ने आंदोलन शुरू कर दिया है । आज अपने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने 4 सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को अवगत कराया है। धरना प्रदर्शन में जिले के 96 धान खरीदी केन्द्रो के समिति प्रबंधक और ऑपरेटर शामिल हुए।



### अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के बाद 28 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय हंकार ज्ञापन रैली, 3 नवंबर से 11 तक संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन और 12 नवंबर से लंबित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर कैबिनेट के निर्णय तक आंदोलन की चेतावनी दी है ।

### धान खरीदी में सही नीति नहीं

एक दिवसीय इस धरना प्रदर्शन को लेकर जिला सहकारी समिति के पदाधिकारी किशुल लाल देवांगन ने कहा कि बीते वर्ष सुखत को लेकर लिखित आश्वासन देने के बाद भी प्रदेश सरकार अपने आश्वासन से मुकर गई। वहीं उन्होंने कहा कि इस बार धान खरीदी में परिवहन की व्यवस्था 28 फरवरी से बढ़कर 20 मार्च कर दी गई है, जिससे सुखत और बढ़ेगा । उन्होंने कहा कि धान खरीदी को लेकर सरकार की सही नीति नहीं बनी है । जिसकी वजह से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

### लंबित चार सूत्रीय मांग

अपने प्रदर्शन के माध्यम से सेवा सहकारी समिति के द्वारा मांग की गई है मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार भी प्रदेश के 2058 सहकारी समिति कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधाएं लाभ दे । प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेशित करें, सेवा नियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू की किया जाए, समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में धान परिदान पश्चात हुई सम्पूर्ण सुखत मान्य किया जाए, तथा सुरक्षा व्यय एवं प्रासंगिक व्यय, कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा आदि को 4 गुणा बढोत्तरी कर, राशन वितरण पर प्रति क्विंटल 500 ग्राम क्षति पूर्ति 5000 रूपये दिया जाए। वहीं धान खरीदी नीति वर्ष 2025-26 में आउट सोर्सिग द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर के नियोजन को विलोपित कर विभाग तय करते हुए नियमितीकरण किया जावे।

## अवैध रूप से शराब बिक्री आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा जिससे 8 पौवा देशी रोमियों एवं 9 पौवा देशी रोमियों मसाला शराब बरामद कर कार्यवाही की गई।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में 24अक्टूबर को शराब बिक्री करने के संबंध मे पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने मोतीपुर शुलभ के पास आरोपी मुकेश जंघेल उम्र 38 साल साकिन मोतीपुर काई तालाब के पास के कब्जे से 8 पौवा देशी रोमियो शराब व 9 पौवा देशी रोमियो मसाला शराब कीमती 1540 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया।


## गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में होगा दर्ज

# हॉकी के शताब्दी वर्ष पर एक साथ होंगे कई मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 को देशभर में एक साथ एक हजार से ज्यादा हॉकी मैच खेले जाएंगे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी एक ही समय पर मैचों का आयोजन किया जाएगा।

1928 से 1959 का काल भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग माना जाता है। 1980 और 90 के दशक में प्रदर्शन में गिरावट के बाद 1998 से भारतीय हॉकी ने पुनरुत्थान की राह पकड़ी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीतकर गौरवशाली वापसी की, जिसे 2024 के पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर दोहराया गया, जब भारत ने फिर से पदक जीतकर इतिहास रचा।




छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भारत अब तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में कुल 8 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक जीत चुका है। इसके अलावा भारत ने 1975 में विश्व कप भी जीता है तथा एशियाई खेलों में 4 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदक हासिल किए हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी एशियाई खेलों में 7 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है।

शताब्दी वर्ष के महत्व पर कार्यक्रम संयोजक मृणाल चौबे (अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी) ने कहा कि भारतीय हॉकी ने विश्व स्तर पर जो उपलब्धियां हासिल की है, वे हमारे देश की खेल विरासत को उजागर करती है। 100 वर्ष पूरे होने का यह अवसर पूरे गर्व और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ हॉकी से संबद्ध सभी जिलों को इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 7 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ के प्रत्येक मान्यता प्राप्त जिले में एक पुरुष एवं एक महिला टीम के बीच मैच आयोजित किया जाएगा। पूरे भारत के लगभग 650 जिलों में एक साथ मैच खेले जाएंगे, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जाएगा।

### भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह आयोजन भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। 7 नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था। इसके बाद 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता, तब से अब तक भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं, जो किसी भी देश द्वारा हॉकी में जीते गए सबसे अधिक स्वर्ण पदक हैं।



पशु शेड के निर्माण से संपन्न हो रहे हितग्राही

# गौवंश को सुरक्षित रखने के साथ व्यवसाय को बढ़ाने का मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुविधा एवं साधन विहीन ऐसे हितग्राही जो जीवन में आगे बढ़ने की ललक रखते है उनके लिए सफलताओं का मार्ग भी प्रशस्त होता है। व्यवसाय करने के लिए शासकीय योजनाओं से जुड़कर सफलता के द्वार खुलते है और लक्ष्य की प्राप्ति तब और सूखद अनुभव में परिलक्षित होता है जब मन-चाहा काम पूरा हो जाता है। ऐसी ही कहानी है जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत चारभाठा खुर्द के हितग्राही रामफल पिता विश्राम की महात्मा गांधी नरेगा योजना में दैनिक मजदूरी से अपना जीवन-यापन करने वाले रामफल का सपना छोटा सा व्यवसाय करने का था। गौ पालक बनकर आगे बढ़ने की इच्छा थी, लेकिन संसाधनों की कमी आड़े आ रही थी। समस्याओं का समाधान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से निकला। जिसमें पशु शेड का निर्माण करने से व्यवसाय ने गति पकड़ी और बढ़ती आमदनी से जीवन आसान हो गया। पशु शेड बन जाने से गौ माता को सभी मौसमों में सुरक्षित रखने की सुविधा अलग से मिल गई। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत से पता चला कि महात्मा गांधी नरेगा योजना की सहायता से उनके पशुधन के लिए पक्का शेड निःशुल्क बनाया जा सकता है। फिर क्या था उनकी मांग एवं समस्याओं को देखकर ग्राम पंचायत ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के द्वारा इसका हल निकाला। पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर पशु शेड निर्माण कार्य 68500 रूपए राशि से स्वीकृत कराया गया। स्वीकृति पश्चात माह अक्टुबर 2023 को पशु शेड निर्माण प्रारंभ किया गया। कार्य प्रारंभ होने पर ऐसा लगा जैसे व्यवसाय में आगे बढ़ने का रास्ता खुल गया हो। देखते ही देखते लगभग एक माह के अल्प समय में निर्माण कार्य पूरा हो गया। पशु शेड निर्माण में स्वंय हितग्राही को 48 दिवस का रोजगार मिला साथ ही 12 मानव दिवस का रोजगार सृजन करते हुए अन्य परिवारो सहित सभी ग्रामीणों को मजदूरी के रूप में 7 हजार 5 सौ रूपए प्राप्त हुए।

## आमदनी में बढ़ोतरी और पशुओं की सुरक्षा का साधन बना पशु शेड



पशु शेड नहीं होने से अनेकों परेशानियां थी जिसमें प्रमुख रूप से सभी मौसमों से पशुधन को बचाना। खुले में पशुधन रहने के कारण यहा वहां चले जाना, कीचड़ एवं गंदगी के कारण गायों को होने वाली बीमारियां और साथ ही इस पर होने वाले खर्चा की परेशानी बनी रहती थी। पशु शेड बनने के पहले शुरूआत में आमदनी कम हुआ करती थी और पशुधन के देखरेख में ज्यादा पैसे खर्च हो जाते थे। इन सभी समस्याओं का समाधान पशु पालन शेड निर्माण के रूप में स्थायी तौर पर हो गया। उन्होने बताया कि पशुशेड का महत्व बहुत अच्छे से जानते थे क्योंकि यही वह जगह है जो उनके व्यवसाय को समय के साथ आगे बढ़ाने में प्रमुख योगदान देकर आजीविका को आगे बढ़ाने का सपना सच होता दिख रहा है। पक्का एवं हवादार पशु शेड बन जाने से व्यवसाय में प्रगति हो रहीं है। 3 से 4 हजार रूपए प्रतिमाह की आमदनी दुध बेचकर होने लगा साथ मे घर के लिए भी दूध मिल रहा है। सारा व्यवसाय अपने घर से संचालित करने की खुशी अलग से, आजीविका के नए साधन बन जाने से, परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और समाज में प्रतिष्ठा बढ़ रही है। आमदनी परिवार के बहुत काम आ रहा है। जिसमें छोटी सी 2 एकड़ के खेतीहर भूमि में उपयोग कर कृषक कार्य कर रहें और अलग से आमदनी का स्त्रोत बन रहा है।

# कंझेटा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



ग्राम कंझेटा में एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान ग्राम कंझेटा निवासी कैलाश चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष के गृह ग्राम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आगमन होने पर फूल-माला, गाजा बाजा के साथ ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात ग्रामवासियों व डिप्टी सीएम ने मां लक्ष्मी मां की विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव के सुख, शांति व समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया और गांव की किसान एवं पदाधिकारी से भेंट मुलाकात एवं परिचर्चा किया गया। जिस पर उन्होने दीपावली की सभी लोगों को शुभकामनाएं एवं बधाई दिया गया और गांव के मांग को ध्यान में रखते हुए 13 लाख का सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन का घोषणा किया गया। इस दौरान विशेष रूप से कैलाश चंद्रवंशी, भुलऊ, मोहन चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, सरपंच भागीरथी सोनवानी, जगदीश साहू, राजा राम, कपिल, मुरली चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी, दिनेश, संजय, दीपचंद, मोहन साहू, हेमलाल साहू, कलाप सिंह, लोकनाथ, शेखर, राजेंद्र चंद्रवंशी, शेखर सिंगरौल, रोहित चंद्रवंशी सहित आसपास क्षेत्र के कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## सिंघनपुरी मे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सिंघनपुरी में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम पंचायत सिंघनपुरी वार्ड क्रमांक 01 भक्तिन दाई काली मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन 23 से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से शुरू की गई। कार्यक्रम में कथा व्यास पं बाल व्यास सिद्धार्थ पांडेय शास्त्री वृंदावन धाम तथा कथावाचक परायणकर्ता विश्वाकांत तिवारी, पं दीपक तिवारी द्वारा ग्राम सिंघनपुरी तथा श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिस में कलश यात्रा वेदी पूजन, गोकर्ण बराहअवतार, बाल चरित्र कृष्ण जन्मोत्सव तथा रासलीला में श्रद्धालु लोग राधे-राधे की जयघोष से वातावरण भक्तियम का माहौल बना हुआ है। वहीं धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आनंद मिश्रा, विश्राम साहू, पंच यादव, भोले मंडावी, मंगल यादव, मनोहर धुर्वे, होलीराम पटेल, संजीव मानिकपुरी, जगेलाल पटेल, अयोध्या पटेल, शिशुपाल पटेल, सेवक और मंदिर पुजारी शिवकुमार पटेल जुटे हुए हैं।

# जनपद सदस्य निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया



- विकास की ओर अग्रसर हो रहा पंडरिया : अश्वनी यदु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

दामापुर-बाजार के आश्रित ग्राम पचधार में जनपद सदस्य सुशीला यदु जनपद निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन किया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पचधार में वर्षो पहले ग्रामीण जन मूलमूत सुविधा व विकास कार्यो के लिए तरस रहे थें। वहीं पिछले कार्य काल में जनपद सदस्य अश्वनी यदु द्वारा सीसी रोड का निर्माण करवाया गया था, उसके बाद गांव में सोलर सिस्टम से पानी टंकी का निर्माण कार्य तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को ग्रामवासी गांव की स्थिति व समस्याओं को अवगत कराया, जिस पर विधायक श्रीमती बोहरा ने द्वारा 10 लाख रुपए सीसी रोड निर्माण कार्य साथ ही साथ अन्य विकास कार्य करवाया गया, जिससे गांव की तस्वीर पूरी तरह से बदल गया। वहीं वर्तमान में जनपद सदस्य सुशीला यदु द्वारा अपने जनपद निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 2 लाख रुपए स्वीकृत किया गया जिससे सीसी रोड निर्माण किया गया, सीसी रोड बनकर तैयार हो चुका है।

जनपद पंचायत पंडरिया सभापति अश्वनी यदु ने कहा की हमारी प्राथमिकता है की कैसे लोगों को सुविधा प्रदान किया जाए, मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे गांव को मुख्यधारा से जोड़ने हर सम्भव प्रयास जारी है। आज जिस मार्ग का निर्माण हुआ ओ अत्यंत आवश्यक था, वही गांव के सरपंच बहादुर खान ने कहा की दामापुर पंचायत की सर्वांगीण विकास के लिए हमारा पंचायत वचनबद्ध है, भविष्य में दामापुर में अबुद्धपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। वहीं भूमि पूजन के दौरान सरपंच बहादुर खान, जनपद सदस्य अश्वनी यदु, पंच उमेंद यदु, मनहरण साहू, मन्नू साहू, विष्णु श्रीवास, नकुल श्रीवास, कृष्णा यदु एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# टीएलएम प्रदर्शनी में विजय कुमार लंझियाना हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महाराजपुर में तीन दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। इसी कड़ी में टीएलएम प्रदर्शनी सह-पुरस्कार वितरण समारोह 17 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, विशिष्ट अतिथि कैलाश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष जिला पंचायत, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, नरेश साहू निज सहायक सांसद प्रतिनिधि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र, संतु सिंह धुर्वे सरपंच महाराजपुर की गरिमामय उपस्थिति में डाइट प्राचार्य टीआर साहू के अध्यक्षता में मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं उच्च अधिकारियों द्वारा शिक्षकों एवं छात्र अध्यापकों द्वारा लगाए गए विषय आधारित स्टॉल में टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव के प्रधान पाठक विजय कुमार लंझियाना द्वारा कार्यक्रम में स्टॉल लगाकर टीएलएम प्रदर्शन और संचालन किया गया। विजय कुमार लंझियाना शैक्षिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करते हुए, नई शिक्षा नीति अंतर्गत बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण कराना, एफएलएन अंतर्गत हिंदी व गणित विषय पर शून्य निवेश नवाचार के माध्यम से टीएलएम निर्माण किया है, जो प्राथमिक स्तर के बच्चों को सीखने में मदद करता है। आकर्षक व उत्कृष्ट टीएलएम प्रदर्शन हेतु अतिथियों द्वारा विजय कुमार लंझियाना को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता डीके चंद्रवंशी, रामकुमार पांडेय, सुदर्शन नेताम, जीपी चंद्रवंशी, संगीता चंद्राकर, मीनाक्षी चौरिया, भारत भूषण शर्मा, भानू जायसवाल, नारायण पांडेय सहित डाइट कबीरधाम के छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थें। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं छात्र अध्यापकों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विजय कुमार लंझियाना द्वारा किए गए टीएलएम प्रदर्शनी की सराहना की गई। प्रदर्शनी में भरत कुमार डोरे सहायक शिक्षक, शिवकुमार बंजारे प्रधान पाठक, कैलाश मंडावी सहायक शिक्षक द्वारा स्टॉल लगाया गया। उन्हें भी प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## एसबीआई सैलरी पैकेज योजनांतर्गत मृतक परिवार को आर्थिक सहायता दी गई



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कवर्धा द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के सैलरी पैकेज खातें योजनांतर्गत पुलिस सैलरी पैकेज योजना से लाभान्वित मंडल परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता पुलिस कांस्टेबल स्वर्गीय विप्लब मंडल की एक वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के कारण कांस्टेबल विप्लब मंडल के परिवार को पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक में बचत खाता होने के कारण एक करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता का चैक उनकी पत्नी श्रीमती शिल्पा मंडल को प्रदान किया गया। इस अवसर पर 17वीं बटालियन प्रमुख कमांडेंट सेनानी कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, भारतीय स्टेट बैंक उच्च विभाग से एजीएम डीवास, विभांशु जैन एवं मुख्य प्रबंधक डीवास नितिन संघवी, भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कवर्धा प्रमुख सत्येंद्र कुमार आरख एवं सहायक प्रबंधक संजय कुमार यादव उपस्थित थें।

## युवक ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी, जांच मे जुटी पोंड़ी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

ग्राम पंचायत पोंड़ी स्थित वार्ड क्रमांक 07 में 40 वर्षीय अमृत परते ने गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात शराब के नशे में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिससे ग्राम व आसपास क्षेत्र में सनसनी फैली गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पोंड़ी पुलिस मृतक के परिजनो की दी गई। वहीं पोंड़ी पुलिस मृतक की पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं पोंड़ी थाना-चौकी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# कुंआमालगी में क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न



- विजयी प्रतिभागी टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुंआमालगी में दीपावली पर्व पर प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस क्रिकेट प्रतियोगिता में सरपंच लीलाराम साहू का विशेष योगदान रहा। इस क्रिकेट आईपीएल प्रतियोगिता में चार टीम बनाया गया और चारों टीमों ने 6-6 मैच खेला। जिसमें लक्ष्मी-11 ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए विजयी रहे। वहीं विजयी प्रतियोगिता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का अध्यक्षता कर रहे युवा सरपंच लीलाराम साहू और मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र घृतलहरे, नरेश साहू, मनहरण साहू, गोवर्धन साहू, श्रीमती भानूमति नर्मदा साहू, खेलूराम साहू, रामकुमार, रतन, अवधेश साहू, प्रीतम साहू, रोहित साहू, हेमंत, राजू साहू, सातखोजन, देवसिंह, माधव, फिरतू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थें।

# वेद-गौशाला भरेवापुरन में गौसेवा आयोग द्वारा भव्य गोवर्धन पूजा समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

भरेवा-पुरन स्थित वेद गौ-शाला में गौ-सेवा आयोग के तत्वाधान में गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गौ-माता का पारंपरिक विधि-विधान से पूजन किया गया। गौ-शाला परिसर में उपस्थित ग्रामीणों एवं गौ-सेवकों ने संयुक्त रूप से आरती उतारी तथा गौ-माता को खिचड़ी का भोग लगाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में गौ-सेवा को राष्ट्र सेवा का संदेश गूंजता रहा, आयोजन में गौ-सेवा आयोग नंदकिशोर यादव, जिला सदस्य मनोज सिंह ठाकुर, दिनेश साहू, गणेश यादव, प्रभात चंद्राकर, भागीरथी यादव, कामता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं गौ-प्रेमी उपस्थित थें। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौ-माता की सेवा से समाज में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त होता है। देश को स्वस्थ एवं शुद्ध भोजन मिले और सभी नागरिक निरोग रहें, इसी संकल्प के साथ गौ सेवा का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम के अंत में जय गौ माता और गोवर्धन महाराज की जय के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को गोवर्धन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गौ संवर्धन और संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

प्रचार प्रसार कर असाक्षरो तक साक्षरता के महत्व को बताया गया

# दीप जलाकर जन-जन को दिया साक्षरता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव




उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन अंतर्गत विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में ग्राम के नोडल प्रभारी सह संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर, ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर (प्रधान पाठक), ग्राम सर्वेयर श्रीमती दीपा राठौर के दिशा-निर्देश में ग्राम पंचायत के समस्त स्वयंसेवी शिक्षकों राजेंद्र पटेल, सुदर्शन चंद्राकर, श्रीमती प्रीति पटेल, श्रीमती चंद्रा यादव, श्रीमती उषा चंद्राकर, श्रीमती शीतलेश्वरी चंद्राकर, श्रीमती संतोषी टंडन, ओमप्रकाश निर्मलकर, दीपक कुमार कश्यप, दामेश्वरी पटेल, पूजा चंद्रवंशी, लल्ली बार्वे, साधना यादव, नागेश्वरी निषाद, आरती पटेल, श्रीमती रतना निषाद, श्रीमती सोनिया कुम्भकार, होरीलाल चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, छोटेलाल चंद्राकर, दिनेश बंजारे, रमेश कुमार पटेल एवं गांव के अन्य संबधित व्यक्तियों द्वारा दीवाली के अवसर में मिशन के प्रचार-प्रसार हेतु उल्लास दीप प्रज्ज्वलित कर साक्षरता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया गया। तत्पश्चात आगामी परीक्षा महाभियान 07 दिसंबर 2025 को निर्धारित किया गया।जिसके प्रचार के लिए ग्राम पंचायत के विशेष स्थलों जैसे स्कूल, चौक-चौराहों, गलियों व घरों के दीवालो में नारा लेखन, त्यौहार विशेष में मेहंदी आदि से कलाकारी, धार्मिक कार्यक्रमों एवं घरो में साक्षरता दीप प्रज्जवलित कर तथा अन्य विभिन्न प्रकार से प्रचार प्रसार कर ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में शिक्षा से वंचित रह गए असाक्षरो तक साक्षरता के महत्व को बताते हुए उन्हें आगामी परीक्षा महाभियान में शामिल कर पंचायत को पूर्ण साक्षर घोषित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। ताकि भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहे साक्षरता अभियान के इस प्रथम घटक को सफलता पूर्वक पूर्ण करके अगले घटक जैसे वित्त साक्षरता, चुनावी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता आदि घटक के लिए ग्राम पंचायत पेंड्रीकला को सक्षम रूप से तैयार कर सके।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कवर्धा में निर्वाचन हेल्प डेस्क की स्थापना

**कवर्धा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार आगामी निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के मद्देनजर जिला कार्यालय कबीरधाम में हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इसका दूरभाष क्रमांक 07741-233003 जारी किया गया है। मतदाताओं की आवश्यक शंकाओं के समाधान एवं मार्गदर्शन के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी 28 अक्टूबर 2025 से लगाई गई है। इस व्यवस्था की निगरानी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा द्वारा की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुरेश मांझर, प्रधान पाठक, तथा दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजकर 30 मिनट तक नंद कुमार सोनी, व्याख्याता, हेल्प डेस्क में उपस्थित रहेंगे।

### नवाचार व स्टार्टअप को मिलेगा राज्य स्तरीय मंच

**कवर्धा।** रजत महोत्सव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत स्टार्टअप छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 स्टार्टअप पिचेस एवं एवाड्र्स इवेंट का शुभारंभ किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलीटेक्निक, आईटीआई, लाइवलीहुड कॉलेजों के विद्यार्थियों सहित जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों, युवाओं, महिलाओं और स्टार्टअप्स को अपने अभिनव विचारों को प्रस्तुत करने के लिए एक राज्य स्तरीय मंच उपलब्ध कराना है। प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकरण के लिए ऑनलाइन लिंक उक्त तिथि तक सक्रिय रहेगा। प्रतिभागियों के चयन के उपरांत श्रेष्ठ 5 छात्र विचारों एवं स्टार्टअप्स को राज्योत्सव 2025 में सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 51,000 तक का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**वारदात:** मामले की जांच में जुटी पुलिस, तीन दिन पूर्व मौत की आशंका

# पोड़ी के बंद मकान से बरामद की गई युवक की सड़ी-गली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोड़ी में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक मकान से तीन दिन पुरानी सड़ी-गली लाश बरामद की गई। बताया जाता है कि ग्राम पोड़ी स्थित एक मकान से शुक्रवार की सुबह अचानक दुर्गंध आना शुरू हो गई। जिससे भांपते हुए आसपास के लोगों ने मकान में किसी के शव होने की आशंका जाहिर करते हुए इसकी जानकारी तत्काल पोंड़ी पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पोड़ी पुलिस भी बगैर देर किए मौके पर पहुंच गई और उसने अंदर से बंद मकान के दरवाजे को तोड़कर भीतर प्रवेश किया। मकान के अंदर दाखिल होने के बाद पुलिस के होश उड़ गए। कमरे में एक युवक का शव सड़ी अवस्था में जमीन पर पड़ा था। मृतक के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर उसकी पहचान लोरमी निवासी संतोष यादव के रूप में की गई। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि संतोष कुछ समय से पोड़ी में एक दुकान पर काम करता था। लेकिन काफी समय वह लोगों के बीच से गायब था। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि युवक की मौत लगभग 21 अक्टूबर को हुई थी। तब से शव मकान के अंदर पड़ा रहा और किसी को भनक तक नहीं लगी। घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर मर्च्यूरी भेज दिया है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही रहस्य से पर्दा उठेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक पिछले कुछ दिनों से नजर नहीं आ रहा था। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।





### हत्या, आत्महत्या या फिर स्वभाविक मौत?

मृतक लोरमी निवासी संतोष यादव का शव जिस ढंग से बंद कमरे के अंदर पड़ा मिला है उससे हत्या की आशंका तो न के बराबर है। ऐसे में क्या युवक ने आत्महत्या की है या फिर उसकी मौत स्वभाविक है। इन तमाम सवालों का जवाब फिलहाल सामने नहीं आया है। जांच में जुटी पुलिस का कहना है कि घटना स्थल से उसने कुछ साक्ष्य जुटाए हैं जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जा रही है। लेकिन ये साक्ष्य किस ओर इशारा कर रहे हैं फिलहाल पुलिस ने कोई खुलासा नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि हत्या, आत्महत्या या हादसा सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। बहरहाल इस घटना से पूरे पोड़ी गांव में दहशत का माहौल है, लोग अब भी स्तब्ध हैं कि आखिर संतोष यादव की मौत किन परिस्थितियों में हुई।

# भव्य कलश यात्रा के साथ काली उत्सव व अन्य अनुष्ठान प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

नगर में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री गणेश पंचायतन हवनात्मक अनुष्ठान यज्ञ, श्री मदभागवत काली उत्सव प्रारम्भ किया गया।

कलश यात्रा गुप्ता धर्मशाला से प्रारंभ होकर मां महामाया मंदिर पहुंची उसके पश्चात नगर भ्रमण करते हुए कलश यात्रा वापस गुप्ता धर्मशाला यज्ञ स्थल पहुंची। जहां विधिवत श्रीमद् भागवत कथा एवं यज्ञ का शुभारंभ किया गया। नगर में आयोजित इस धार्मिक आयोजन के चलते वातावरण धार्मिक हो गया है और आयोजन स्थल के आसपास मेला सा माहौल नजर आ रहा है। मीना बाजार, झूला तथा कई दुकाने भी सजाई गई है।

यहां बताना लाजिमी होगा की नगर पंचायत पाण्डातराई में हर साल काली उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और इसका समापन एकादशी के दिन किया जाता है।

# मोटर साइकिल की भिड़ंत, एक मौत दो घायल





- ग्राम कुसुमघटा चौक में भीषण सड़क हादसा आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पुलिस चौकी पोंड़ी अंतर्गत ग्राम कुसुमघटा-मानिकपुर चौक में बीते गुरूवार की शाम दो मोटर सायकलों के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इस भीषण सड़क हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पोड़ी पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं दोनो घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उनका ईलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम करीब 4.30 बजे ग्राम खुरमुंडा निवासी रोहित धुर्वे पिता भाईराम धुर्वे आयु करीब 25 वर्ष अपने किसी साथी के साथ मोटर सायकल से कही जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्राम कुसुमघटा चौक में विपरीत दिशा से आ रही एक मोटर सायकल से उसकी भिड़ंत हो गई। तेजरफ्तार मोटर सायकलों के बीच हुई इस जबरदस्त भिड़ंत में रोहित की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि दूसरी मोटर सायकल में सवार दो अन्य ग्रामीण युवक घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क हादसे में घायल तीनो युवकों को अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य दो घायल युवकों का ईलाज किया जा रहा है। बहरहाल पोड़ी पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### तेज रफ्तार के चलते हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों तथा घटना स्थल के पास लगे सीसी टीबी कैमरा से प्राप्त फुटेज के आधार पर इस सड़क हादसे की वजह तेज रफ्तार को बताया जाता है। बताया जाता है कि मुख्य मार्ग से कटी सड़क से जो मोटर सायकल सवार आ रहा था उसकी रफ्तार काफी कम थी लेकिन जो मोटर सायकल चालक मुख्य मार्ग में फर्राटे भर रहा था उसने चौक में भी अपने वाहन की गति को कम नहीं किया जिसके चलते हादसा हो गया और एक युवक को अपनी जान गवानी पड़ गई।

# नवरंगपुर में महालक्ष्मी महोत्सव व पुरस्कार वितरण सम्पन्न

## गौ संरक्षण से ही लक्ष्मी पूजा सार्थक होगीः विशेषर पटेल



- जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में बनाए जाएंगे 10 गौधाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोडान

समीपस्थ ग्राम नवरंगपुर में आयोजित पांच दिवसीय लक्ष्मी महोत्सव का समापन एवं झांकी और जसजीत प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह कल रात एक रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने गौ संरक्षण और संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि गौमाता की उपेक्षा कर हमारी लक्ष्मी पूजा सार्थक नहीं हो सकती। मुख्य अतिथि ने गौमाता को लक्ष्मी स्वरूपा बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक तथा मुंगेली जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष कोमल गिरी गोस्वामी ने की। अपने उद्बोधन में श्री पटेल ने ग्राम नवरंगपुर की वर्षों से चली आ रही धार्मिक आयोजनों की परंपरा की सराहना की और इस गांव को सनातन का ध्वज वाहक बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि यहां विगत पचास वर्षों से लगातार नवधा रामायण और पिछले 33 वर्षों से महाकाली उत्सव का भव्य आयोजन होता आ रहा है।

### सजीव गौमाता की उपेक्षा दुखद

श्री पटेल ने कहा कि हिंदू मान्यताओं में गौमाता को लक्ष्मी स्वरूपा माना गया है। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि आज समाज मिट्टी की प्रतिमा में तो मां लक्ष्मी देखकर उसकी आराधना करता है, किंतु सजीव गौमाता के रूप में जो लक्ष्मी उसके सामने है, उसकी घोर उपेक्षा ही नहीं, बल्कि उसे पीड़ा पहुंचाता है। उन्होंने बल दिया कि हमारी लक्ष्मी पूजा तभी सार्थक होगी जब हम सब गौमाता को पुनः देवी लक्ष्मी का दर्जा देते हुए उसका पालन पोषण और संरक्षण करें।

### गौधाम योजना से गौवंश को मिलेगा आश्रय

श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने गौसंरक्षण और संवर्धन के लिए गौधाम योजना बनाई है। इसके तहत स्वसहायता समूहों के माध्यम से प्रत्येक विकास खंड में 10 गौधाम बनाए जाएंगे, जहां सड़कों और गलियों में भटकने वाले गौवंश को रखा जाएगा। प्रत्येक केन्द्र में 200 गौवंश के लिए चारे, पानी और चिकित्सा व्यवस्था की जाएगी। विशिष्ट अतिथि पत्रकार रविनंदन पांडेय और आर्यव्रत ब्राम्हण समाज के प्रदेशाध्यक्ष राकेश तिवारी के अलावा अध्यक्षीय उद्बोधन में कोमल गिरी गोस्वामी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पंडरिया विकासखंड गौ सेवा समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व जिला पंचायत सभापति शत्रुहन साहू, जगमोहन साहू,पप्पू लोनिया, बोधीराम साहू, सुरेन्द्र पांडेय, मुरारी पाठक, कौशल दुबे, अनिल लोनिया, दुष्यंत लोनिया बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालन आशीष शुक्ला ने किया।

# भरी सभा में जब गौ सेवा आयोग अध्यक्ष के सामने पंहुची गौमाता



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोडान

ग्राम नवरंगपुर में चल रहे काली महोत्सव के रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में उस समय एक अनोखा और भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला, जब एक गौमाता अचानक मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि और राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल के सामने आकर खड़ी हो गई।

कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रोता मौजूद थे, और वाद्य यंत्रों की धुन से पूरा माहौल भक्तिमय हो रहा था। तभी अचानक गौमाता की उपस्थिति ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। श्री पटेल भी इस अनोखे दृश्य से चकित रह गए। उन्होंने तुरंत उठकर गौमाता को सहलाया और केले खिलाए। इस दृश्य ने उपस्थित श्रोताओं को भावुक कर दिया।

ऐसा लग रहा था जैसे गौमाता अपनी फरियाद लेकर आई हो गौवंश पर हो रहे अन्याय और बदहाली के खिलाफ। गौमाता की इस अनोखी उपस्थिति ने जैसे एक संदेश दिया कि गौवंश भी अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं और अपनी माता का गौरव पाने के लिए आवाज उठा रहे हैं। इस भावुक कर देने वाले क्षण ने काली महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक अलग ही अध्याय जोड़ दिया।

गौमाता के इस अनोखे व्यवहार ने सभी के मन को छू लिया और गौवंश के प्रति लोगों की भावनाओं को और भी गहरा कर दिया। लोगों के बीच इस घटना को लेकर काफी चर्चा भी रही।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन आज नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल मैनेजमेंट में संपन्न हुआ।

सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को अंतिम रूप देना था।

आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसके पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों और सुझावों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आयोग ने पूर्व में जारी निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को वर्तमान मतदाताओं की संख्या का मिलान पिछले एसआईआर के आंकड़ों से करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अतिरिक्त आयोग ने आगामी चुनाव वाले राज्यों असम, तमिलनाडु, पुदुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ पृथक रूप से चर्चा की और तैयारियों की समीक्षा की। यह सम्मेलन 10 सितंबर 2025 को आयोजित एसआईआर तैयारी सम्मेलन की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में संपन्न हुआ।

उस सम्मेलन में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पिछले पूर्ण हुए एसआईआर के अनुसार मतदाताओं की संख्या, अर्हता तिथि एवं मतदाता सूची पर विस्तृत प्रस्तुति दी थी।

**धनतेरस के रोज की गई थी मां लक्ष्मी प्रतिमाओं की स्थापना**

# अंचल में मां लक्ष्मी का किया गया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में लक्ष्मी उत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली के पूर्व धनतेरस के रोज से प्रारंभ हुआ लक्ष्मी उत्सव शुक्रवार को लक्ष्मी प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समाप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में गणेश उत्सव, दुर्गोत्सव की तर्ज पर ही लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न समीतियों द्वारा बकायदा मूर्तिकारों के यहां से मां लक्ष्मी की भव्य व आकर्षक प्रतिमा बनवाकर उसकी धनतेरस के रोज पण्डाल में विधि विधान से पूजा अर्चना कर स्थापना की गई ब। पूरे पांच दिनो तक चलने वाले इस लक्ष्मी उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा, अर्चना आरती की जाती है। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस बार भी कवर्धा सहित ग्रामीण अंचलों में विभिन्न समीतियों द्वारा बड़ी संख्या में मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। जिनके विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। समीतियों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुरूवार को बकायदा मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना व हवन आदि कर वाहनो में मां लक्ष्मी की बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली और प्रतिमाओं का स्थानीय नदियों, तालाबों व दूसरों जल स्त्रोतों में विसर्जन किया गया।

### कविता संग्रह का किया गया लोकार्पण

**कवर्धा।** नगर के युवा रचनाकार तुकाराम साहू तरुण के पहले कविता संग्रह महत्वाकांक्षाएं तरुण की का लोकार्पण सोमवार को होटल छप्पन भोग में संपन्न हुआ। संग्रह को पिपरिया के कबीरा खड़ा बाजार में प्रगतिशील वैचारिक मंच ने प्रकाशित किया है। गंडई वासी जन रचनाकार डॉ. पीसीलाल यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता नीरज मनजीत ने की। विशिष्ट अतिथि राजकुमार मसखरे, समयलाल विवेक, महेश आमदे व अजय चन्द्रवंशी थे। संग्रह पर चर्चा की शुरुआत करते हुए सुखदेव सिंह अहिलेश्वर ने कहा कि तरुण की कविताओं में राष्ट्रोन्नति के भाव हैं। समता समानता सद्भाव समरसता के ओजस्वी आव्हान हैं। प्रकृति व संस्कृति की सुरक्षा का दायित्व बोध है। अजय चन्द्रवंशी ने कहा कि तरुण अपनी कविताओं में अपने आसपास की विडंबनाओं विसंगतियों को बखूबी व्यक्त करते हैं। समयलाल विवेक और महेश आमदे ने तरुण की कविताओं के भाव पक्ष की समीक्षा करते हुए कहा कि संग्रह की कविताएं गहरे तक प्रभावित करती हैं। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए डॉ. पीसीलाल यादव ने मनुष्यता के प्रति कविता की पक्षधरता की विशद व्याख्या करते हुए कहा कि तरुण अध्ययनशील कवि हैं और उनकी कविताएं परिवेश और समाज की स्थितियों विद्रूपताओं का चित्रण करती है, भोगे हुए क्षणों को रूपायित करती हैं। आखिर में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी वक्तव्यों को समेटते हुए नीरज मनजीत ने कहा कि तरुण की कविताओं में राष्ट्रवादी स्वर के साथ साथ समाज और राजनीति की असंगतियों विसंगतियों को समग्रता में देखने व व्यक्त करने की समावेशी दृष्टि है। राजकुमार मसखरे और धर्मेन्द्र जंघेल ने कविता पाठ किया। संचालन करते हुए भागवत साहू ने कबीरा मंच के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस मंच के सहकारी प्रकाशन के जरिए नए रचनाकारों की सात किताबें प्रकाशित की जा चुकी हैं। कवि तुकाराम ने आभार जताया। कार्यक्रम में तुकाराम के माता पिता व जीवन संगिनी सहित बड़ी तादाद में रचनाकार व सुधी साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

